Disclaimer : This content is not created or owned by Info Edge (india) Limited

# गुजरात माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षण बोर्ड, गांधीनगर

## कक्षा - 10

## विषय : हिन्दी ( FL ) ( 02 )

## वार्षिक पाठ - आयोजन - 2025-26

| क्रम | मास | विषय वस्तु | तास |
|---|---|---|---|
| 1. | जून | पद्य - 1 — ऊधौ तुम.... । (सूरदास सम्पूर्ण)<br>गद्य - 1 — नेताजी का चश्मा<br>व्याकरण : समास परिचय, लेखन : निबंध — 1 | 06<br>08<br>08 |
| 2. | जुलाई | पद्य — 2 — राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद<br>गद्य — 8 — बालगोबिन भगत<br>व्याकरण : तत्पुरुष समास, अव्ययी भाव समास<br>कृतिका : गद्य–1 माता का आँचल | 07<br>08<br>04<br>02 |
| 3. | अगस्त | पद्य — 3 — आत्मकथ्य<br>गद्य — 9-10 — लखनवी अंदाज, एक कहानी यह भी<br>व्याकरण : समास — कर्मधारय, बहुव्रीहि, लेखन : पत्र–1 | 05<br>12<br>06 |
| 4. | सितंबर | पद्य — 4 — उत्साह, अट नहीं रही है<br>गद्य — 11 — नौबतखाने में इबादत<br>व्याकरण : समास — द्विगु, द्वन्द्व, लेखन : निबंध-2 | 08<br>08<br>06 |
| 5. | अक्तूबर | पद्य - 05 — यह दंतुरित मुसकान, फसल<br>व्याकरण : निपात, क्रियाविशेषण<br>भगवद् गीता : प्रकरण : 1 — समर्पण | 08<br>04<br>04 |
| 6. | नवंबर | गद्य — कृतिका-2 साना साना हाथ जोड़ि<br>व्याकरण : क्रियापद, समानार्थी, मुहावरें<br>लेखन : पत्र-2, निबंध-3 | 02<br>04<br>04 |
| 7. | दिसंबर | गद्य — 12 — संस्कृति<br>पद्य — 06 — संगतकार<br>भगवद् गीता : प्रकरण-2 देशभक्ति की संजीवनी<br>व्याकरण : कहावते, शब्दसमूह के लिए एक शब्द | 05<br>04<br>04<br>04 |
| 8. | जनवरी | व्याकरण : पर्यायवाची शब्द, मुहावरे, कहावत, निपात<br>लेखन : पत्र, अपठित गद्यांश | 04<br>04 |
| 9. | फरवरी | पुनरावर्तन | |

# गुजरात माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षण बोर्ड, गांधीनगर

## शैक्षणिक वर्ष 2025-26

## कक्षा-10

## विषय : हिन्दी ( FL ) ( 02 )

समय : ३ घंटे

**प्रश्नपत्र का प्रारूप**

पूर्णांक : 80

नोंध : આ પરિરૂપ વિદ્યાર્થીઓ, શિક્ષકો, પ્રાશ્નિકો, મોડરેટર્સ વગેરેના માર્ગદર્શન માટે છે. જે તે વિષયોના પ્રાશ્નિક તેમજ મોડરેટર્સને માધ્યમિક અને ઉચ્ચતર માધ્યમિક શિક્ષણના બૃહદ્ હાર્દ/ઉદ્દેશને સુસંગત રહી પ્રશ્નપત્રની સંરચના બાબતે ફેરફાર કરવાની છૂટ રહેશે.

उद्देश्य अनुसार भारांक :

| हेतु | ज्ञान (K) | समज (U) | उपयोजन (A) | उच्च वैचारिक कौशल | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | संयोजन/विश्लेषण | अनुभाग/मूल्यांकन | |
| पूर्णांक | 12 | 25 | 16 | 16 | 11 | 80 |
| प्रतिशत | 15% | 31.25% | 20% | 20 | 13.75 | 100 |

प्रश्न प्रकार अनुसार भारांक

| क्रमांक | प्रश्न का प्रकार | प्रश्नों की संख्या | कुल अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | हेतुलक्षी प्रश्न (O) | 24 | 24 |
| 2. | टूंक जवाबी प्रश्न (VSA) | 15 | 15 |
| 3. | टूंक जवाबी प्रश्न (SA-I) | 10 | 16 |
| 4. | टूंक जवाबी प्रश्न (SA-II) | 03 | 09 |
| 5. | दीर्घ प्रश्न (LA) | 02 | 08 |
| 6. | निवंधात्मक प्रश्न (EA) | 01 | 08 |
| | कुल | 55 | 80 |

विभाग अनुसार भारांक :

| क्रम | विभाग | गुणांकन |
|---|---|---|
| 1. | गद्य विभाग | 25 |
| 2. | पद्य विभाग | 25 |
| 3. | व्याकरण | 15 |
| 4. | लेखन विभाग | 15 |
| | कुल गुण | 80 |





shiksha

व्याकरण अनुसार भारांक :

| क्रम | व्याकरण | गुणांकन |
| --- | --- | --- |
| 1. | पर्यायवाची शब्द | 02 |
| 2. | समास-विग्रह | 02 |
| 3. | शब्दसमूह के लिए एक शब्द | 02 |
| 4. | निपात | 02 |
| 5. | समुच्चय बोधक, क्रियापद या क्रियाविशेषण | 02 |
| | (कोई एक) | |
| 6. | कहावत | 01 |
| 7. | मुहावरे | 04 |
| | कुल गुण | 15 |



shiksha

## गुजरात माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षण बोर्ड, गांधीनगर
## शैक्षणिक वर्ष 2025-26
## कक्षा-10
## विषय : हिन्दी ( FL ) ( 02 )

समय : 3 घंटे | प्रश्नपत्र का प्रारूप | पुर्णांक : 80

---

### विभाग-A ( गद्य विभाग ) [25]

- वस्तुनिष्ठ (हेतुलक्षी) प्रश्नों के उत्तर दीजिए । 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10 [10]
- एक-एक में उत्तर दीजिए : प्रश्न - 11, 12 [02]
- दो-तीन वाक्यों में उत्तर दीजिए : प्रश्न - 13, 14, 15, 16 (कोई तीन) [06]
- छ-सात वाक्यो में उत्तर दीजिए : प्रश्न - 17 अथवा 17 [04]
- ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : प्रश्न - 18 अथवा 18 [03]

### विभाग-B ( पद्य विभाग ) [25]

- वस्तुनिष्ठ (हेतुलक्षी) प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28 [10]
- एक-एक वाक्य में उत्तर दीजिए : प्रश्न - 29, 30 [02]
- दो-तीन वाक्यों में उत्तर दीजिए : (कोई तीन) प्रश्न - 31, 32, 33, 34 [06]
- छ-सात वाक्यो में उत्तर दीजिए : प्रश्न - 35 अथवा 35 [04]
- ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : प्रश्न - 36 अथवा 36 [03]

### विभाग-C ( व्याकरण विभाग ) [15]

- पर्यायवाची शब्द लिखिए । प्रश्न - 37, 38 [02]
- सामासिक पद का विग्रह करके नाम दीजिए : प्रश्न - 39, 40 [02]
- शब्दसमूह के लिए एक शब्द दीजिए : प्रश्न - 41, 42 [02]
- निपात ढूंढकर लिखिए : प्रश्न - 43, 44 [02]
- समुच्चयबोधक, क्रियापद या क्रिया विशेषण : प्रश्न - 45, 46 [02]
  (कोई एक पहचानने के लिए दीजिए )
- कहावत का अर्थ लिखिए : प्रश्न - 47 [01]
- मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए : प्रश्न - 48, 49 [04]

### विभाग-D ( लेखन कार्य ) [15]

- औपचारिक पत्र लिखने के लिए दीजिए । प्रश्न - 50 [03]
- पूरक वाचन (कृतिका भाग-२) में से किसी एक परिच्छेद के आधार पर चार प्रश्न पूछिए । प्रश्न - 51, 52, 53, 54 [04]
- निबंधलेखन लगभग 250 शब्दों में पूछिए : प्रश्न - 55 (अ, ब, क, ड) [08]



shiksha

# गुजरात माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षण बोर्ड, गांधीनगर

## कक्षा-10 हिन्दी (प्रथम भाषा)

## वार्षिक परीक्षा

समय : 3 घंटे | नमूने का प्रश्नपत्र | पूर्णांक : 80

सूचना :
1. इस प्रश्नपत्र में कुल चार विभाग है ।
2. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं ।
3. सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।

### विभाग - A गद्य विभाग [25]

- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए : [05]

1. नेताजी की मूर्ति कितने फुट ऊँची थी ?
   (A) दो फुट (B) चार फुट
   (C) पाँच फुट (D) आठ फुट

2. भगत की पुत्रवधू भगत को छोड़कर अकेले कहाँ जाना नहीं चाहती थी ?
   (A) ससुराल (B) मायके
   (C) यात्रापर (D) मामा के घर

3. भगवत गीता किस योग का त्रिवेणी संगम कहा गया है ?
   (A) कर्म, भक्ति, ज्ञान (B) शक्ति, भक्ति, साधना
   (C) ज्ञान, धन, वैभव (D) बल, बुद्धि, धन

4. रामवृक्ष बेनीपुरी द्वारा रचित 'बालगोबिन भगत' पाठ किस साहित्यिक विद्या में लिखा गया है ?
   (A) रेखाचित्र (B) कहानी
   (C) उपन्यास (D) संस्मरण

5. लेखिका मन्नु भण्डारी की तुलना किससे की जाती थी ?
   (A) बड़ी बहन सुशीला (B) बहन सुनीता
   (C) चित्रलेखा (D) शीला अग्रवाल

- जोड़े मिलाईए । [05]

| रचनाकार | रचना |
|---|---|
| 6. यशपाल | (अ) नेताजी का चश्मा |
| 7. भदंत आनंद कौशल्यायन | (ब) बालगोबिन भगत |
| 8. यतीन्द्र मिश्र | (क) संस्कृति |
| 9. स्वयं प्रकाश | (ड) एक कहानी यह भी |
| 10. मन्नु भंडारी | (प) नौबतखाने में इबादत |
| | (फ) लखनवी अन्दाज |



shiksha

- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए । [02]

11. डुमराँव को क्यों याद किया जाता है ?
12. वालमखीरा कौन-से स्टेशन पर मिलता है ?

- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए । [06]

13. भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी ?
14. लेखक ने नवाव साहव का प्रस्ताव क्यों अस्वीकार कर दिया ?
15. लोकमान्य तिलक के अनुसार गीता का क्या तात्पर्य है ?
16. विस्मिल्ला खाँ को शहनाई की मंगल-ध्वनि का नायक क्यों कहा गया है ?

- निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर छः-सात वाक्यो में लिखिए : (कोई एक) [04]

17. लेखक यशपाल को नवाव साहव के किन हाव-भावों से महसूस हुआ कि वे उनसे वातचीत करने के लिए तनिक भी उत्सुक नहीं है ?

अथवा

17. लेखिका मन्नु भंडारी ने अपने पिता से वैचारिक टकराहट को अपने शब्दों में कैसे व्यक्त किया है ?

- निम्नलिखित गद्यांश की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए । [03]

18. 'मेरे मालिक सुर वख्श दे । सुर में वह तासीर पैदा कर कि आँखों से सच्चे मोती की तरह अनगढ आँसू निकल आएँ ।'

अथवा

18. 'वालगोविन भगत गृहस्थ होते हुए भी सन्यासी थे'

**विभाग-B पद्य विभाग** [25]

- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए । [05]

19. 'राम-लक्ष्मण-परशुराम' संवाद में भृगकुलकेतु शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?
    (क) राम (ख) लक्ष्मण
    (ग) परशुराम (घ) विश्वामित्र
20. गोपियों ने किसे वड़भागी कहा है ?
    (क) उद्धव (ख) हारिल
    (ग) कमल (घ) कृष्ण
21. 'पंथा' शब्द का अर्थ लिखो ।
    (क) रास्ता (ख) पक्षी
    (ग) धरती (घ) गगन
22. गोपियाँ श्री कृष्ण को क्या पढ़ने की वात करती है ?
    (क) इतिहास (ख) राजनीति
    (ग) कूटनीति (घ) अनीति
23. परशुराम क्यों क्रोधित हो गए ?
    (क) राम के व्यवहार से (ख) शिव-धनुष टूटने पर
    (ग) लक्ष्मण के कटुवचन सुनकर (घ) निमंत्रण न मिलने से



shiksha

- कोष्ठक में दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । [05]

24. शिशु की मनोहर मधुर मुस्कान देखकर कवि के हृदय में ................ फूट पड़ा है ।
(क्रोध, वात्सल्य, ईर्ष्या)

25. 'क्या यह अच्छा नहीं कि औरों की सुनता मैं ............... ।
(मौन रहूँ, वाचाल हो जाऊँ, शमन करूँ)

26. 'हे देव ! हमारे ज्ञान से तो सभी ............... समान ही हैं ।
(धनुष, बाण, राजसभा)

27. गोपियाँ उद्धव के व्यवहार की तुलना .............. से करती है ।
(हारिल, भौरा, कमल-पत्र)

28. तुलसीदास का जन्म ........................ गाँव में हुआ था ।
(रामपुर, राजापुर, कानपुर)

- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए । [02]

29. सूरदास ने हारिल की उपमा किसके लिए दी है ?
30. राम-लक्ष्मण किस के साथ जनकपुर गये थे ?

- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : [06]

31. कवि आत्मकथा लिखने से क्यों बचना चाहते है ?
32. गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिए ?
33. संगतकार की भूमिका का महत्व कब सामने आता है ?
34. कविता का शीर्षक उत्साह क्यों रखा गया है ?

- निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर छः-सात वाक्यो में लिखिए : [04]

35. लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या-क्या विशेषताएँ बताई है ?

अथवा

35. 'स्मृति को पाथेय' बनाने से कवि का क्या आशय है ?

- निम्नलिखित पद्यांश की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : [03]

36. मिला कहाँ वह सुख जिसका मैं
    स्वप्न देखकर जाग गया ।
    अलिंगन में आते-आते
    मुसक्या कर जो भाग गया ।

अथवा

36. अट नही रही है
    आभा फागुन की तन
    सट नहीं रही है ।

## विभाग-C व्याकरण विभाग [15]

- निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए : [02]

37. पवन
38. गगन





shiksha

- निम्नलिखित सामासिक पद का विग्रह करके समास का नाम लिखिए : [02]

39. गिरिश
40. माता-पिता

- निम्नलिखित शब्दसमूह के लिए एक शब्द लिखिए : [02]

41. पूरब से बहने वाली हवा
42. काँटेदार छिलके वाला एक फल

- निम्नलिखित वाक्यों में से निपात ढूँढकर लिखिए : [02]

43. तुम तो रोते ही रहते हो ।
44. सुमन ही बाजार जायेगी ।

- निम्नलिखित वाक्यों में से क्रियापद ढूँढकर लिखिए : [02]

45. रमेश ने लिखा ।
46. नवाब साहब ने संगति के लिए उत्साह नहीं दिखाया ।

- निम्नलिखित कहावत का अर्थ लिखिए : [01]

47. काला अक्षर भैंस बराबर ।

- निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यप्रयोग कीजिए : [04]

48. रफूचक्कर होना
49. आँखे लाल होना

## विभाग-D लेखन

50. श्री वर्धमान विद्यालय, महेसाणा में 'ग्रंथापाल' पद हेतु अपना आवेदन पत्र लिखिए । [03]

- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । [04]

औषधि शरीर को रोगो से मुक्त करती है । तरह-तरह की बीमारियाँ भी औषधियों से दूर होती है। इसी प्रकार सच्चा मित्र व्यक्ति के जीवन के रोग दूर करता है । वह उसकी बुरी आदतें छुड़ाता है। जब व्यक्ति निराश होकर धैर्य खो बैठता है, तब सच्चा मित्र उसे आशा बँधाता है और जीने का साहस देता है । कर्तव्य-पथ से भटके हुए व्यक्ति को सही मार्ग पर लानेवाला उसका सच्चा मित्र ही होता है । सच्चा मित्र संकट में व्यक्ति की रक्षा करता है । इस प्रकार सच्चा मित्र हर तरह से व्यक्ति के जीवन को स्वस्थ और सुखी रखने का प्रयत्न करता है । इसलिए उसे जीवन की औषधि कहा गया है ।

प्रश्न :

51. जीवन की औषधि किसे कहा गया है ?
52. संकट में किसकी परीक्षा होती है ?
53. रोगों से शरीर को कौन मुक्त करवाता है ?
54. इस परिच्छेद के लिए एक उचित शीर्षक दीजिए ।
55. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए : [08]

(अ) वैश्विक युद्ध का मानवजीवन पर असर

(ब) देश के प्रति युवकों का कर्तव्य

(क) मेरा प्रिय प्रवास

(ड) महँगाई एक विकट समस्या



shiksha